प्रादेशिक समाचार
17.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–केंद्र सरकार ने एक सौ दिन के कार्यकाल में तीन करोड़ पक्के आवास समेत कई योजनाओं को दी मंजूरी, श्रीमोदी ने पीएम आवास–ग्रामीण के लगभग 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की।

2. प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ शुरू की जांच, सांसद निशिकांत दुबे ने कहा– घुसपैठियों के खिलाफ ईडी ने दर्ज की है पांच प्राथमिकी।

3. शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की राज्यभर में भक्ति–भाव से हो रही है पूजा–अर्चना।

4. राज्यभर में तीन दिनों से हो रही बारिश से मिली राहत, मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू और लातेहार में आज भी बारिश को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।

5. भारत ने चीन को हराकर जीता एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं, किसानों, युवाओं, गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों की भागीदारी से देश तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। श्री मोदी ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के जनता मैदान में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के पहले सौ दिनों के दौरान बेघर लोगों के लिए तीन करोड़ पक्के आवास, 25 हजार गांव में पक्की सड़कें समेत कई कार्यों को मंजूरी दी गई है।

साउंड बाइट – नरेंद्र मोदी – 55 सेकेंड

श्रीमोदी ने चौदह राज्यों के लगभग दस लाख लाभार्थियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत तीन हजार एक सौ अस्सी करोड़ रूपए की सहायता राशि की पहली किस्त भी जारी की। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत अतिरिक्त आवासों के सर्वेक्षण के लिए आवास प्लस 2024 एप की भी शुरूआत की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण के लिए संचालन के दिशा–निर्देश भी जारी किए।

****

असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज सबको संकल्प लेना चाहिये। रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले एक सौ दिन को ऐतिहासिक बताया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। राज्यपाल आज हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय की तैंतीसवीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्रीगंगवार ने कहा कि शिक्षा का मकसद केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि बेहतर समाज की रचना करना है।

****

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच शुरू कर दी है। इसके तहत ईडी ने रांची के बरियातू थाने में छह जून को दर्ज पुलिस शिकायत के आधार पर प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट–ईसीआईआर दर्ज की है। इस बीच गोड्डा से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में ईडी ने पांच प्राथमिकी दर्ज की है।

****

शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की राजधानी रांची समेत राज्य भर में भक्ति भाव से पूजा की जा रही है। इसे लेकर रांची, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां के औद्योगिक क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई है। वहीं आकाशवाणी केन्द्र रांची में भी भगवान विश्वकर्मा की भक्ति भाव से पूजा की गई ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह निर्माण और निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी कुशल और मेहनती लोगों को नमन करते हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आज देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं रांची, गिरिडीह समेत कई जगहों पर श्री मोदी के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान की आज से शुरूआत हो गई। यह अभियान दो अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष की थीम है स्वाभाव स्वच्छता– संस्कार स्वच्छता। इस दौरान पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जल निकायों, चिडियाघरों, अभयारण्यों तथा सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों जैसे विभिन्न स्थलों पर श्रमदान और सामूहिक सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं है। यह सम्मानजनक जीवन का स्रोत है।

इधर आकाशवाणी रांची परिसर में केन्द्र निदेशक दुर्गा चरण हेम्ब्रम ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप निदेशक सह नोडल पदाधिकारी ए. पी. सिंह समेत अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जामताड़ा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से राहत मिली है। वहीं गढ़वा, पलामू और लातेहार में आज भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच रांची सिथत मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों से नदियों और डैमों के आसपास नहीं जाने की सलाह दी है।

****

भारत ने चीन को हराकर एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। आज चीन के उलनबेर में खेले गये फाइनल मैच में भारतीय टीम ने चीन को एक–शून्य से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

********समाप्त********